# Tips for S.S.L.C Hindi Examination

(**Prepared by Madhusoodanan Pillai K.G, HSA, Govt. H.S.S Budhanoor,Alappuzha District**)



## बीर बहूटी

### घटनाऐं

- बेला और साहिल का स्कूल जाना ।
- रास्ते के खेत में बीर बहूटियों को खोजना ।
- पैन में स्याही भरने केलिए दुकान जाना ।
- सुरेन्दरजी माट्साहब से बेला के बालों में पंजा फँसाना ।
- बेला साहिल के सामने खुद को शर्मिन्दा महसूस करना ।
- सिर पर सफ़ेद पट्टी बाँधी बेला का स्कूल जाना ।
- पिंडली में पट्टी बाँधी साहिल का स्कूल जाना ।
- पाँचवीं कक्षा का रिजल्ट देखने बेला और साहिल का स्कूल आना ।
- बेला को राजकीय कन्या पाठशाला में पढ़ाने का निर्णय ।
- साहिल को अजमेर के हॉस्टल में पढ़ाने का निर्णय ।

**प्रश्न** : पाँचवीं कक्षा का रिजल्ट आ गया । बेला और साहिल का वार्तालाप कल्पना करके लिखें ।

बेला : साहिल, तुम अब कहाँ पढ़ोगे ?

साहिल : मुझे अजमेर भेज देंगे ।

घर से दूर हॉस्टल में रहना पढ़ेगा ।

अकेला .........और तुम ?

बेला : मुझे राजकीय कन्या पाठशाला में पढ़ाएँगे । अब हम फुलेरा में रह नहीं सकते ।

साहिल : तुम्हारा रिपोर्ट कार्ड ज़रा दिखाना ।

बेला : लो , तुम्हारा भी दिखाना ।

साहिल : अरे , तुम्हारी आँखों में आँसू क्यों ?

बेला : मुझे क्या पता ?..................

मैं चिढ़ाऊं अब तुम्हें ?

रोनी सूरत साहिल........ रोनी सूरत साहिल ..................

**प्रश्न:** बिना कुछ गलती किए सुरेंदर माट्साहब ने बेला के बालों में पंजा फँसाया। उनका यह व्यवहार उचित है या नहीं ?

आपका मत प्रकट करें।

अध्यापक तो बाल मनोविज्ञान जाननेवाले हैं। कुछ गलती किए बिना उन्होंने बेला के बालों में पंजा फँसाया। उनका यह बर्ताव अनुचित है। बेला साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा होने की नौबत आ गयी।

## टूटा पहिया

धर्मवीर भारती की कविता टूटा पहिया एक प्रतीकात्मक रचना है। महाभारत के कथानक से कवि ने इस प्रतीक को लिया है। महाभारत युद्ध में वीर अभिमन्यु ने रथ के टूटे पहिये को अस्त्र बनाकर शत्रुओं का सामना किया ।

बदलती हुई सामूहिक गति अधर्म के मार्ग में चलती है तो सत्य का पक्ष टूटे हुए पहिए का भी आश्रय लेने केलिए विवश हो सकता है। कवि यहाँ आह्वान करते हैं कि टूटे हुए पहिए को तुच्छ समझकर न फेंकना चाहिए। तुच्छ वस्तु भी कभी–कभी काम आएगी।

## ऊँट बनाम रेलगाड़ी

१." जटायु तो नाम भर केलिए जटायु है। " ऐसा क्यों कहा गया है ?

जटायु रामायण का एक प्रसिद्ध पात्र है। वह साहसी पक्षी है। सीता–हरण के समय उसने सीता को रावण से छुड़ाने का प्रयत्न किया था। लेकिन यहाँ का जटायु ऊंड को देखते ही काँपने लगा।

२."अभिशाप हमारे लिए वरदान हो गया "। कैसे ?

अभिशाप हमारे लिए वरदान हो गया क्योंकि यह रेलगाड़ी एक तरह से हमारे नियंत्रण में थी। हम इसे आगे–पीछे ले जाएँ ,रोकें ,चलाएँ जो मर्ज़ी कर सकते थे।

## सबसे बड़ा शोमैन

### घटनाऐं

- गाते-गाते चार्ली की माँ की आवाज़ फटकर फुसफुसाहट में बदल गई ।
- दर्शक लोग चिल्लाने लगे ।
- मैनेजर चार्ली को स्टेज पर ले गया ।
- चार्ली ने जैक जोन्स गाना गाया ।
- लोग तालियाँ बजाकर पैसा देने लगे ।
- दुनिया के सबसे बड़े शोमैन का यह पहला शो था ।

प्रश्न: "दुनिया के सबसे बड़े शोमैन का पहला शो था ।" यहाँ वर्णित सबसे बड़े शोमैन कौन है ?

चार्ली चैपलिन

## अकाल और उसके बाद

### अकाल का वर्णन

- चूल्हे का रोना ।
- चक्की का उदास होना ।
- भीत पर छिपकलियों की गश्त ।
- शिकस्त हालतवाले चूहे ।

### अकाल के बाद का वर्णन

- घर के अंदर दाने का आना ।
- आँगन के ऊपर धुऐं का उठना ।
- घर भर की आँखों का चमक उठना ।
- कौए के पंखों का खुजलाना ।

# ठाकुर का कुआँ

## घटनाऐं

- गंगी बीमार जोखू को गन्दा पानी पीने से मना करती है ।
- गंगी पानी लेने ठाकुर के कुऐं के पास जाती है ।
- घड़े में पानी भरते समय ठाकुर साहब का दरवाज़ा खुलता है ।
- गंगी कुऐं की जगत से कूद कर भाग रही है ।
- गंगी जोखू को मैला – गन्दा पानी पीते देखती है ।

## चरित्रगत विशेषताऐं

### गंगी

ज़मीनदारों के प्रति विद्रोही दिल

पति से प्यार करनेवाली

जाति–प्रथा से नफ़रत करनेवाली

### जोखू

ज़मींदारी पर भय रखनेवाला

पत्नी से प्यार करनेवाला

महत्वाकांक्षा न रखनेवाला

उदासीन भाव रखनेवाला

# बसंत मेरे गाँव का

**प्रश्न : फूलदेई का त्योहार बच्चों में कौन–सा मनोभाव पैदा करता है ?**

फूलदेई का त्योहार बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करता है उत्तरदायित्व , नेतृत्वगुण और समभावना उनमें भर जाते हैं ।

**प्रश्न : सुबह पौ फटते ही बच्चों की टोलियाँ गाँव भर में घूमती हैं यहाँ "पौ फटना " का मतलब क्या है ?**

प्रभात हो जाना

## जैसलमेर

**प्रश्न** : " गूपी गाईन, बाघा बाईन " किसकी फिल्म है ?

सत्यजीत राय की

**प्रश्न** : दुनिया की छत किसे जाना जाता है ?

तिब्बत

## बच्चे काम पर जा रहे हैं

बालश्रम एक सामाजिक समस्या है। हर बच्चे का अपना–अपना हक़ है –सुरक्षित रहने का,शिक्षा पाने का आदि। समाज में कुछ बच्चे इन हकों से वंचित हैं। उनको काम करके घर संभालना पड़ता है। बच्चों से उनका बचपन हड़पना अच्छी बात नहीं।

## गुठली तो पराई है

समाज में कई प्रकार की असमानताऐं हैं। स्त्री होने के नाते कुछ हकों से वंचित होना उचित नहीं। हमें अपने स्कूल , कक्षा और घर में लड़कों के साथ–साथ लड़कियों को भी समान अधिकार प्रदान करना है।

## पाठ – परिचय

| पाठ का नाम | प्रोक्ति | रचयिता |
|---|---|---|
| बीर बहूटी | कहानी | प्रभात |
| हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था | कविता<br>टिप्पणी | विनोदकुमार शुक्ल<br>नरेश सक्सेना |
| टूटा पहिया | कविता | धर्मवीर भारती |
| ऊँट बनाम रेलगाड़ी | संस्मरण | सत्यजीत राय |
| सबसे बड़ा शोमैन | जीवनी | गीत चतुर्वेदी |
| अकाल और उसके बाद | कविता | नागार्जुन |
| ठाकुर का कुआँ | कहानी | प्रेमचंद |
| बसंत मेरे गाँव का | लेख | मुकेश नोटियाल |

| | | |
|---|---|---|
| जैसलमेर | यात्रावृत्त | मिहिर |
| बच्चे काम पर जा रहे हैं | कविता | राजेश जोशी |
| गुठली तो पराई है | कहानी | कनक शशि |

## सर्वनाम

वह + का = उसका        वे + का =उनका
वह + की =उसकी        वे +की = उनकी

यह + का = इसका        ये +का =इनका
यह + की =इसकी        ये + की =इनकी

वह + ने = उसने        वे + ने = उन्होंने
यह + ने = इसने        ये + ने = इन्होंने

## लिंग , परसर्ग और वचन का परिचय

राम दशरथ का बेटा है।
सीता जनक की बेटी है।
राम और लक्ष्मण दशरथ के बेटे हैं।
गोपिका और गायत्री अंजलि की बेटियाँ हैं।

## "लग"का प्रयोग

रामु स्कूल जाता है।
रामु स्कूल जाने लगा।

रामु और सोमू स्कूल जाते हैं।
रामु और सोमू स्कूल जाने लगे।

रीना स्कूल जाती है ।

रीना स्कूल जाने लगी ।

रीना और सीना स्कूल जाती हैं ।

रीना और सीना स्कूल जाने लगीं ।

## "पड़" का प्रयोग

रामु स्कूल जाता है ।

रामु को स्कूल जाना पड़ता है ।

वीणा स्कूल जाती है ।

वीणा को स्कूल जाना पड़ता है ।

राजू ने आम खाया ।

राजू को आम खाना पड़ा ।

राजू ने रोटी खाई ।

राजू को रोटी खानी पड़ी ।

शुभमस्तु